www.a2zpapers.com

2316 75

Class – B.A. II Sem.

Subject – Hindi

Time Allowed : 3 Hours **Maximum Marks : 100**

खण्ड-एक

नोट : इस भाग के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। उत्तर पाँच पंक्तियों में दें।

1. 'यह मेरी मातृभूमि है' कहानी का नायक कौन है?
2. 'अकेली' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट करें।
3. 'ग्राम' कहानी के लेखक कौन हैं?
4. 'ये लोग मेरे भाई हैं और गंगा मेरी माता है' यह संवाद किस पाठ से है? लेखक का नाम भी लिखें।
5. 'निबन्ध' का शाब्दिक अर्थ लिखें।
6. 'कहानी' की दो परिभाषाएँ लिखें।
7. 'अंग्रेज स्त्रोत' निबन्ध के लेखक कौन हैं?
8. 'मालि', 'स्थिति', 'स्वीकार', शब्दों को शुद्ध करें।
9. 'तेरे को उन ने बुलाया हो' वाक्य को शुद्ध करें।
10. 'अलि' और 'अली' शब्दों के अर्थ लिखिए।

10 × 2 = 20

खण्ड-दो

नोट : निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) जिसकी सुहावनी छाया में मैंने बचपन के आनन्द उड़ाये थे, जो

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

हमारे छुटपन का क्रीडा स्थल और युवावस्था का सुखप्रद वास स्थान था। आह! इस प्यारे बरगद को देखते ही हृदय पर एक बड़ा आघात पहुँचा और दिल में महान शोक उत्पन्न हुआ। उसे देखकर ऐसी-ऐसी दु:खदायक तथा हृदय-विदारक स्मृतियाँ ताजी हो गईं कि घंटे पृथ्वी पर बैठे-बैठे मैं आंसू बहाता रहा।

अथवा

यो हर साल एक महीने के लिए पति उनके पास आकर रहते थे, पर कभी उन्होंनें पति की प्रतीक्षा नहीं की, उनकी राह में आँखें नहीं बिछाई। जब तक पति रहते उनका मन और भी मुरझाया हुआ रहता क्योंकि पति के रोबीले व्यवहार का अंकुश उनके रोजमर्रा के जीवन की अबाध गति से बहती स्वच्छंद धारा को कुंठिन कर देता।

(ख) तुम मूर्तिमान हो! राज्य प्रबन्ध तुम्हारा अंग है, न्याय तुम्हारा शिर है, दूरदर्शिता तुम्हारा नेत्र है और कानून तुम्हारे केश हैं, अतएव हे अंगरेज! हम तुमको नमस्कार करते हैं। कौंसिल तुम्हारा मुख है, मान तुम्हारी नाक है, देश पक्षपात तुम्हारा मोछ है और टैक्स तुम्हारे कराल द्रंष्टा है, अतएव हे अंगरेज! हम तुमको प्रणाम करते हैं, हमारी रक्षा करो।

अथवा

साहित्य में जो शक्ति छिपी रहती है, वह तोप, तलवार और बम के गोले में भी नहीं पाई जाती। चोरप में हानिकारिणी धार्मिक रूढ़ियों का उत्पादन साहित्य ने ही किया है; जातीय स्वातन्त्रय के बीज उसी ने बोये हैं; व्यक्तिगत स्वातंत्रय के भावों को भी उसी ने पाला-पोसा और बढाया है। $6 \times 2 = 12$

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

उपखण्ड-अ

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं 6 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक खण्ड में से एक प्रश्न अनिवार्य है।

(क) 'अकेली' कहानी के आधार पर सोमा बुआ का चरित्र-चित्रण करें।

(ख) 'सीमा रखा' एकांकी में सुभाष का चरित्र चित्रण करें।

(ग) 'अंग्रेज स्त्रोत' निबन्ध में निबन्धकार भारतीयों पर व्यंग्य करता है। स्पष्ट करें।

उपखण्ड-आ

(क) 'कहानी' विधा की कथावस्तु की विशेषताएँ स्पष्ट करें।

(ख) 'निबन्ध' का अर्थ और स्वरूप स्पष्ट करें।

(ग) 'एकांकी' विधा का पात्र एवं चरित्र चित्रण तत्व स्पष्ट करें।

उपखण्ड-इ

(क) पत्रकारिता का अर्थ और परिभाषा स्पष्ट करें।

अथवा

पत्रकारिता का महत्व और उपयोगिता पर विचार करें। $6 \times 6 = 36$

खण्ड-तीन

नोट : निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

(क) 'मैं अपनी मातृभूमि में ही अपने प्राण विसर्जन करूँ।' इस कथन के आधार पर 'यह मेरी मातृभूमि है' कहानी पर विचार करें।

अथवा

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

'साहित्य की महत्ता' निबन्ध का सार लिखें।

(ख) 'कहानी' की परिभाषा लिखते हुए उसके तत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'निबन्ध' के तत्वों और विशेषताओं पर विचार करें। $2 \times 16 = 32$

****

www.a2zpapers.com